भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1095

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

पंजाब में एक खेल आयोजन में वित्तीय धोखाधड़ी

1095. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में खेडन वतन पंजाब दियां कार्यक्रम से संबंधित वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के लिए सरकार क्या विशिष्ट कदम उठा रही है तथा इस जांच की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस कार्यक्रम के लिए उपयोग किए गए धन की पारदर्शिता और जवाबदेही से समझौते किये जाने से संबंधित समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के माध्यम से उजागर हुए घोटाले की जानकारी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार ने इस पर क्या कार्रवाई की है; और

(ग) ऐसे आयोजनों का उचित निगरानी में आयोजन तथा भविष्य में सार्वजनिक धन का दुरुपयोग न होना सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय लागू किए जाएंगे?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): खेल राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है, तथा केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में सहायता करती है। **खेडन वतन पंजाब दियां** कार्यक्रम का आयोजन पंजाब राज्य सरकार द्वारा किया गया था तथा यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

*****